सार-समाचार

जिला स्तरीय पदयात्रा 31 को

जालोर, (का.सं.)। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर 3 दिन तक 8-10 किमी लम्बी अखिल भारतीय जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में केन्द्रीय युवा मंत्रालय और खेल मंत्रालय ने 6 अक्टूबर से 2 महीने तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस श्रृंखला में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर अखिल भारतीय जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस पदयात्रा में माई भारत केन्द्र, जिला युवा सेवा प्रदाता, भारत स्वयंसेवकों, एनएसएस, एनसीसी व बीएसजी इकाईयों सहित स्कूलों, कॉलेजों व स्थानीय युवा संगङ्गनों इत्यादि की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर सांसद लुम्बाराम चौधरी 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सरदार 150/यूनिटी मार्च पर प्रेस वार्ता करेंगे। नेहरू युवा केन्द्र के युवा समन्वयक ने बताया कि पदयात्रा से पूर्व स्कूलों व कॉलेजों में निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आयोजन किये जाने के साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन, ''गर्व से स्वदेशी'' संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का आयेजन होगा। पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही प्रमाण पत्र वितरण किए जाएंगे।

संतुलित उर्वरकों का उपयोग के सुझाव

जालोर, (का.सं.)। कृषि विभाग द्वारा संतुलित उर्वरकों का उपयोग करके फसलों की उत्पादकता बढ़ाने व मिट्टी की सेहत को बनाये रखने को लेकर कृषकों को सुझाव बताए गए है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषक संतुलित उर्वरकों का उपयोग करके अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ ही मिट्टी की सेहत को बनाए रख सकते हैं। कृषकों द्वारा डीएपी के स्थान पर एसएसपी यूरिया का प्रयोग फसलों के लिए अधिक लाभदायक हो सकता हैं। वही एसएसपी में सल्फर होता है, जो पौधों के लिए आवश्यक है और मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करता है। नाइट्रोजन की पूर्ति: यूरिया में नाइट्रोजन होता है, जो पौधों की वृद्धि और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) में 16 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर की मात्रा होती है, जो तिलहन एवं दलहन फसलों के लिए अन्य उर्वरकों की अपेक्षा अधिक लाभदायक है। कृषक अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण करवाएं ताकि यह पता चल सकें कि उनके खेती की मिट्टी को किस प्रकार के उर्वरकों की आवश्यकता है। सरसों की फसल में सल्फर (गंधक) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि यह तेल की मात्रा और दानों की गुणवत्ता को बढ़ाता है। सल्फर पसंद फसलों (सरसों, प्याज, लहसुन, चना) में सल्फर युक्त एसएसपी खाद के उपयोग किया जाना चाहिए। कृषकों द्वारा खेतों में उर्वरकों का उपयोग करते समय उनकी मात्रा और अनुप्रयोग के तरीके का ध्यान रखना चाहिए। संतुलित उर्वरकों का उपयोग करके वे अपनी खेती को और भी समृद्ध बनाने के साथ ही मिट्टी की सेहत को बनाए रख सकते हैं।

आर्य समाज का स्थापना दिवस आज

बालोतरा, (निसं)। आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर इतिहास में अब तक का सबसे विशाल आर्य समाज सार्द्ध शताब्दी अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक स्वर्ण जयंती पार्क, रोहिणी, सैक्टर-10, दिल्ली में मनाया जा रहा है। जिसमे मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे। महासम्मेलन में आर्य समाज गांधीपुरा के प्रधान दिलीप आर्य , महामंत्री जितेन्द्र आर्य, कोषाध्यक्ष नरेश आर्य,वरिष्ठ आर्य वीर मांगीलाल पंवार, महिला आर्य समाज मंत्री कंचन माली , महेंद्र परिहार, लीला पंवार,प्रेमलता नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। आर्य वीर दल के महामंत्री जितेन्द्र आर्य ने बताया कि 30 अक्टूबर सांयकाल 11111 कुण्डीय भव्य यज्ञ, 3 यज्ञ शालाओं में जिसमें एक बडी और दो छोटी होंगी। उसमे अनवरत यज्ञ चलता रहेगा। एक छोटी यज्ञशाला में नेपाली, अफ्रीकी आदि अन्य भाषाओं में यज्ञ आयोजित होगा। यज्ञशाला के बाहर पूरी गौशाला जिसमें गऊएं होंगी, उनका वहीं पर दूध निकाल कर दही और मक्खन निकाल कर उसी से घी बनाकर उसी घी से यज्ञ करते हुए दिखाया जायेगा। उन्होंने ने बताया कि 31 अक्टूबर को दोपहर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में आयेंगे। उससे पूर्व 150-150 की संख्या के समूह बनाकर आर्य जन समूहों की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। 01 नवंबर को सायं कालीन पूरे भारत से आए हुए आर्य वीर वीरांगनाओं का सुंदर व्यायाम प्रदर्शन होगा। 02 नवंबर को आर्य परिवार परिचय सम्मेलन होगा। जिसमें विवाह योग्य युवक युवतियों का पंजीकरण हेगा।

छात्रा स्कूटी योजना के आवेदन 31 तक

जालोर, (का.सं.)। काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए अल्पसंख्यक वर्ग की कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2025 रखी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देशानुसार काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत अल्पसंख्यक वर्ग (मुस्लिम, जैन, ईसाई, सिख, बौद्ध एवं पारसी) की कक्षा-12वीं उत्तीर्ण छात्राओं से विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने के लिए 31 अक्टूबर, तक पोर्टल खोला गया है। योजना में राजस्थान में स्थित किसी भी महाविद्यालय से स्नातक डिग्री में प्रवेश लेकर नियमित छात्रा के तौर पर अध्ययनरत छात्राएँ पात्र है। योजना से संबंधित नियम व दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं को नियमित अध्ययन, अधिकतम अंक प्राप्त करने एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 65 प्रतिशत व केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 75 प्रतिशत प्राप्तांक वाली नियमित अध्ययनरत अल्पसंख्यक छात्राओं को वरीयता के आधार पर स्कूटी प्रदान की जाएगी।

पथमेड़ा का प्रयास बना गोसेवा महाअभियान : राज्यपाल माथुर

रेवदर, (निसं)। मनोरमा गोलोक अभिनव ब्रजमंडल अर्बुदरण्य में गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंदजी महाराजश्री की पावन निश्रा में आज गोपाष्टमी के पावन अवसर पर भगवान श्री गोवर्धननाथजी मंदिर एवं गो-गोपाल कॉरिडोर का ऐतिहासिक और दिव्य शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ।

इस मौके पर सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर की अगवानी पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान और एडीएम राजेश कुमार गोयल ने की। यह भव्य आयोजन परमहंस स्वामी प्रज्ञानानंद महाराज (हरिहरानंद गुरुकुलम्, जगन्नाथ पुरी) के पावन सानिध्य में सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर के करकमलों से गोभक्त राजकुमार अग्रवाल के यजमानत्व में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर पंडित गंगाधर पाठक एवं ललित किशोर द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक शिलान्यास कराया। इस दौरान जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, पिंडवाडा विधायक समाराम गरासिया, आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, पाली के पूर्व सांसद पुष्प जैन एवं पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी भी मंच पर उपस्थित रहे।

इसके बाद सुरभि सत्संग पंडाल में देशभर से आए गोभक्तों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने कहा कि पथमेडा का छोटा सा प्रयास आज पूरे विश्व में गोसेवा के महाअभियान के रूप में विकसित हो चुका है। यह भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की अद्भुत झलक है। उन्होंने कहा कि गोसेवा केवल धर्म नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च साधना है।

,उन्होंने कहा कि देसी गाय का महत्व मुझे कई वर्षों पहले महाराजश्री की प्रेरणा से मिला है। गवर्नर बनते ही सिक्किम में सबसे पहले गवर्नर हाउस में देसी गाय लेकर आया। पथमेडा के गौभक्तों एवं गोकृषि करने वाले किसानों के लिए सिक्किम के राजभवन के दरवाजे सदैव खुले हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष रघुनाथ सिंह राजपुरोहित ने कहा कि देशभर में वर्तमान में रासायनिक खाद्य और कीटनाशक के कारण खाद्यान्न फल सब्जियां जहरीली उत्पादित हो रही है जिससे मनुष्य का स्वास्थ्य दिन भी दिन खराब होता जा रहा है। इसको रोकने के लिए गोवंश का संरक्षण आज मानव की आवश्यकता है। कार्यक्रम में केंद्रीय महामंत्री अर्जुन सिंह राजपुरोहित तिंवरी ने देशभर से आए गो भक्तों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन केंद्रीय समन्वयक विट्ठलकृष्ण के मार्गदर्शन में सीईओ आलोक सिंहल ने किया।

सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने गोऋषि दत्तशरणानंदजी महाराजश्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने पथमेडा के महाराज श्री से देशभर में गोवंश की वर्तमान स्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि गौसेवा और संरक्षण आज के समय की सबसे बडी आवश्यकता है, जो हमारी संस्कृति की आत्मा से जुडी है।

समारोह में देशभर से संत-महात्मा, गौभक्त एवं श्रद्धालुजन बडी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिरोही पूर्व विधायक जगसीराम कोली, पूर्व विधायक संयम लोढा, भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, जालौर भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित वाली, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, पूर्व जिला प्रमुख पायल परसरामपुरिया, पूर्व जिला प्रमुख बन्ने सिंह गोहिल, न्यास के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग, गोसेवा महानिदेशक धनराज चौधरी, मैनेजिंग ट्रस्टी ब्रह्मदत्त पुरोहित, भूराराम पुरोहित, हरिसिंह शिवतलाव, ठाकुर हरिसिंह केसुआ, भरत सिंह बसंत, केवलाजी पुरोहित, अंबालाल सुथार, रणछोड पुरोहित रेवदर, केसाराम सुथार व भागचंद नागल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद लुंबाराम चौधरी ने की 11 लाख की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल की मौजूदगी में गोसेवा के लिए जालौर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने 11 लाख रुपए घोषणा की। गोपूजन, शिलान्यास और सभा स्थल पर हुए वैदिक मंत्रोच्चार और भव्य व्यवस्थाओं ने पूरे क्षेत्र में एक आध्यात्मिक वातावरण का संचार किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि गौसेवा और भारतीय संस्कृति के प्रसार का भी प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ।

भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना, बाइक सवार की मौत

जालोर, (का.सं.। जालोर जिले के बागोडा से सांचोर के बीच भारतमाला एक्सप्रेस-वे सड़क मार्ग पर हादसा लगातार बढ रहे है। एक्सप्रेस वे मार्ग की कंपनी की लापरवाही के चलते गत मंगलवार को दो वाहनो की आमने सामने भिडंत मे एक ही परिवार के तीन जनो की मौत हो गई थी। वही बुधवार को एक की मौके पर दर्दनाक मौत, बागोड़ा टोल प्लाजा के पास की घटना, गलत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक सवार को कुचाल दिया।

बुधवार को भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर बागोड़ा टोल प्लाजा के समीप एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गलत साइड से आ रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। मृतक की पहचान पमाना निवासी विशाल कुमार के रूप में हुई हैं। जानकारी के अनुसार, विशाल कुमार अपनी बाइक से जीवाना से बागोड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान, गलत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में सुचना मिलने पर बागोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। शव कों क़ब्ज़े में लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया हैं। परिजनों के आने के बाद गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

भारतमाता एक्सप्रेस वे की लापरवाही से कार्य समय पर पूर्ण नही करने तथा कई जगह मार्ग बंद कर वन वे करने से आमने सामने वाहन दुर्घटना ठास्त हो रहे है। गत मंगलवार को भी कार से जसोल बालोतरा से सूरत जा रहे एक ही परिवार के पति पत्नी व बच्चे की की मार्ग डाईवर्ट करने से सामने से आ रहे वाहन से टक्कर होने से तीनो की मौत हो गई। एक्सप्रेस वे की लापरवाही से हादसो से लोगों की जान जा रही है।

बांगड़ में व्याख्याता पर गमले चोरी का आरोप

पाली, (नि.सं.)। राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, पाली में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें कॉलेज के ही एक व्याख्याता पर संस्थान की संपत्ति चोरी करने का आरोप लगा है। यह मामला कॉलेज परिसर के गमलों की चोरी से जुड़ा है, जिसके चलते छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

छात्रों द्वारा बताया गया की 24 अक्टूबर 2025 की शाम लगभग 6 बजे महाविद्यालय परिसर में व्याख्याता श्रवणसिंह राजपुरोहित द्वारा कॉलेज के गमले अपने वाहन में ले जाने की घटना हुई। बाद में यह खबर सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, व्हाट्सऐप ग्रुप्स और स्थानीय न्यूज़ पोर्टल्स पर तेजी से वायरल हो गया। खबर वायरल होने के बाद छात्रों ने कॉलेज प्रशासन से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की माँग की।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गणपत पटेल का कहना है कि सरकारी संपत्ति की चोरी करना अकादमिक मर्यादा के खिलाफ है और इस तरह की हरकतें कॉलेज की छवि धूमिल करती हैं।इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मामले से नाराज़ छात्रों ने जिला कलेक्टर, पाली को ज्ञापन सौंपकर व्याख्याता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गणपत पटेल सहित कई छात्र नेताओं के हस्ताक्षर हैं।

गणपत पटेल ने कहा यह केवल कॉलेज की नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की साख पर प्रश्नचिह्न है। सरकारी संपत्ति का इस तरह से दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

छात्र नेता विकास राठौड़ ने कहा की अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता, तो छात्र शांत नहीं बैठेंगे।

छात्रसंघ उपाध्यक्ष असगर अली ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र जांच और कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन की राह अपनाएँगे।

छात्रों ने यह भी मांग की है कि कॉलेज परिसर में कैमरे की निगरानी को और सख्त किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएँ दोबारा न हों।

इस दौरान छात्रसंघ उपाध्यक्ष असगर खत्री छात्र नेता भरत सिह भाटी,विकास राठौड़, नरेश चौधरी, ऋतिक सोनी, पूनम सिंह भाटी, पूजा, प्रियंका, मंजू, मनीषा, आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अन्नकूट हुआ

पाली, (नि.सं.)। दीपावली के दूसरे दिन शुरू हुए शहर में अनकूट महोत्सव की धूम मची हुई है।

बुधवार को शहर के हृदय से सोमनाथ महादेव मंदिर में अनुकू महोत्सव के तहत छप्पन भोग की झांकी महादेव के आगे सजाई गई। शाम 8 बजे आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। जहां पुजारी कमलेश रावल, लक्ष्मीकांत लाहोटी, मेघराज, सहित भक्तों का सहयोग रहा। इसी प्रकार भेरू घाट दादू दयाल बालाजी मंदिर में भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। जहां खिराण वह कदम पाक का प्रसाद वितरित किया गया। पुजारी निर्मल स्वामी, आनंद सोलंकी सहित लोगों का सहयोग रहा। इसी प्रकार पाली वालों के पास स्थित ठाकुर जी का मंदिर में अशोक पेशवा, किशोर, झूमर दास पेशवा द्वारा आयोजन किया गया। वही सूरजपाल पानी की दो टंकी स्थित श्रेया देव मंदिर में प्रजापत समाज की ओर से अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। प्रजापत सेना के सभी युवकों का सहयोग रहा।

सिविल सेवा अपील अधिकरण ने कार्यमुक्त करने का आदेश दिया

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जोधपुर ने बीकानेर निवासी मनीषा विश्नोई की अपील को स्वीकार करते हुए उसे कार्यमुक्त करने का आदेश दिया।

बीकानेर निवासी मनीषा वर्तमान में संस्कृत शिक्षा विभाग में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत स्कूल 5 सी.एच.एम. काकरवाला बीकानेर में कार्यरत है। संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा 23 सितंबर.2025 को उसका स्थानान्तरण वर्तमान विद्यालय से राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत स्कूल रानी बाजार बीकानेर कर दिया गया। इसके पश्चात् आयुक्त, संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा 23 सितंबर 2025 के द्वारा आदेश जारी कर यह स्पष्टीकरण जारी किया गया कि जो कार्मिक परिविक्षाकाल में है उन पर स्थानान्तरण आदेश प्रभावी नहीं होगा।

विभाग के इस आदेश से व्यथित होकर अपीलार्थी ने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक अपील अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की। चूंकि अपीलार्थी की नियुक्ति संस्कृत शिक्षा विभाग में 2 फरवरी 2024 को लेक्चर के पद पर हुई थी।

इसी आदेश के तहत उसने लेक्चरर के पद पर 09 फरवरी 2024 को कार्यग्रहण किया। इस तरह वह अभी परिविक्षाकाल में है। अत: विभाग द्वारा उसका स्थानान्तरण तो कर दिया पर यह इस शर्त के साथ किया कि जो परिविक्षाकाल में है उन पर यह आदेश प्रभावी नहीं होगा।

विभाग के इस कृत्य को चुनौती देते हुए अपीलार्थी के अधिवक्ता का यह तर्क था कि राजस्थान सेवा नियम के नियम 7(30) में केवल परिविक्षाकाल को परिभाषित किया गया है ।

परिविक्षाकाल वाले कार्मिक को कार्यमुक्त नहीं करने का कहीं पर भी कोई उल्लेख नहीं है।

साथ ही यदि स्थानान्तरण किया जा सकता है तो उसे कार्यमुक्त क्यों नहीं किया जा सकता है। विभाग द्वारा उसे कार्यमुक्त नहीं किया जाना अनुचित व नियम विरूद्ध है।

संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा जवाब प्रस्तुत करते हुए विभाग के कृत्य को उचित ठहराने का प्रयास किया गया। अपीलार्थी के अधिवक्ता द्वारा अपने तर्कों के समर्थन में अनेकों न्यायिक दृष्टांतों का हवाला दिया गया।

प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील को स्वीकार किया व अपीलार्थी के स्थानान्तरण आदेश 23 सितंबर 2025 के तहत उसे कार्यमुक्त करने का आदेश प्रदान किया गया।

अदबी गोष्ठी संपन्न

जोधपुर, (का.सं.)। राजस्थान सिन्धी अकादमी द्वारा झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर स्थित अकादमी संकुल में राज्य स्तरीय साहित्यिक अदबी गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्राप्त जासनकारी के अनुसार अकादमी सचिव डॉ.रजनीश हर्ष ने बताया कि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जोधपुर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं रंगकर्मी श्री हरीश देवनानी ने 'सुन्दर अगनानी जे नाटकनि जी समालोचना' विषयक आलेख में सुन्दर अगनानी के नाटकों की विषयवस्तु, भाषा व मंचन के बारे में विस्तार से बताया।

गोष्ठी में अजमेर के डा.जितेन्द्र थदानी ने 'सिन्धी डिण वारनि जे तामनि जी वैज्ञानिक परख़' विषयक लेख में सिन्धी तीज-त्यौहार पर बनने वाले पकवान व खाने के वैज्ञानिक पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया।

पटेल की 150 वीं जयंती पर कई कार्यक्रम होंगे

बाड़मेर, (नि.सं.)। केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने विगत 6 अक्टूबर से सरदार150 कम्यूनिटी मार्च अभियान शुरू किया है। दो माह तक चलने वाले इस राष्ट्रीय अभियान का समापन आगामी 6 दिसंबर को होगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने बताया कि इस अभियान के जरिए पूर्ण जन भागीदारी के साथ देशवासियों विशेषकर युवाओं को सरदार पटेल की विरासत के बारे में जागरूक किया जाना है। इसके अलावा विरासत के प्रति व्यक्तिगत और सामूहिक कृतज्ञता अर्पित करने के साथ उनमें राष्ट्रीय एकता और देश सेवा की भावना को अधिक विकसित करना है। इसके तहत 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक जिला स्तरीय पद यात्राएं आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में युवा मामले, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन, सूचना एवं जनसंपर्क और गृह विभाग, माई भारत और एनएसएस के कार्मिक सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण कड़ी है। नागरिकों को पद यात्रा, प्रतियोगिता आदि पहल के माध्यम से इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि यूनिटी मार्च सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के सम्मान में एक राष्ट्रव्यापी पहल है। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत के घटक के रूप में देश को एकजुट करने में सरदार पटेल की अद्वितीय भूमिका का प्रतीक है। इस अभियान में युवाओं की बेहतर भागीदारी के लिए सरदार150 यंग लीडर्स क्विज, सरदार150 रील कम्पीटिशन और सरदार150 निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसके संबंध में विस्तृत जानकारी बेवसाइट पर उपलब्ध है।

स्वेच्छा से अपात्र नाम पृथक करवाए : आलोयिा

बालोतरा, (निसं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 1 नवम्बर 2024 से गिव अप अभियान प्रारम्भ किया गया था। इस अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित ऐसे परिवार जिनमें कोई भी सदस्य सरकारी या अर्धसरकारी अथवा स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित अधिकारी या कर्मचारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हो अथवा परिवार के समस्त सदस्यों की कुल वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक हो अथवा निजी चौपहिया वाहन धारक अथवा आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जाना था।

जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया ने बताया कि गिव अप अभियान की अन्तिम तिथि 30 अगस्त 2025 निर्धारित थी परन्तु अभियान की व्यापक सफलता एवं प्राप्त जनसमर्थन के कारण खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा इस अभियान की तिथि आगामी 31 अक्टूबर तक बढ़ाकर खाद्य सुरक्षा सूची में सम्मिलित अपात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से हटवाने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। 31 अक्टूबर के पश्चात खाद्य सुरक्षा सूची में सम्मिलित रहने वाले अपात्र व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना/शास्ति / दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। शास्ति की गणना 27 रुपये प्रति किलोग्राम के अनुसार खाद्य सुरक्षा सूची में नाम अंकित होने की तिथि से नाम हटाने की तिथि तक उस व्यक्ति द्वारा जितना खाद्यान्न प्राप्त किया गया है, अनुसार की जाकर मय ब्याज वसूली की जावेगी।

बालोतरा जिले की समस्त उचित मूल्य दुकानों पर नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र उपलब्ध करवाये गये हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए 4 नवंबर से घर-घर पहुंचेंगे बी.एल.ओ.

बाड़मेर, (नि.सं.)। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य होगा। इसके उपरांत 9 दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट किया जाएगा। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार संबंधित कार्मिकों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की क्रियान्विति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि आगामी 7 फरवरी 2026 तक एसआईआर की प्रक्रिया चलेगी। इसके तहत 3 नवबंर तक प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्र के मुद्रण का कार्य होगा। इसके उपरांत 4 नवबंर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य होगा। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएगी। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस फेज रहेगा, जिसमें सुनवाई एवं सत्यापन किया जाएगा। इसके उपरांत 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए जा चुके हैं। इसमें मुख्य रूप से मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन, बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण, राजनीतिक दलों को सूचना, मीडिया प्रबंधन, ऑनलाइन प्रपत्र भरने को बढ़ावा देने एवं आईईसी सामग्री के प्रकाशन को लेकर विस्तृत चर्चा के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में केवल जिला निर्वाचन अधिकारी ही जिला स्तर पर अधिकृत प्रवक्ता होंगे। इस दौरान नियमित प्रेस विज्ञप्ति एवं सोशल मीडिया अपडेट जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं पंचायत स्तर पर ऑनलाइन आवेदन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों एवं राजसखी को विशेष रूप से महिला मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए जोड़ा जाएगा।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियां अपलोड कर दी गयी है। इसका लिंक मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि विगत एसआईआर की मतदाता सूची में अगर किसी वर्तमान मतदाता के माता-पिता, दादा-दादी आदि का नाम शामिल है तो सटीक और सत्यापित पारिवारिक संबंध के माध्यम से वंशावली मानचित्रण (मैपिंग) की जा रही है। इससे अधिकांश मतदाताओं से किसी भी प्रकार के दस्तावेज लेने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से ईसीआईनेट एप एवं वेबसाइट लांच की गई है। इसमें बुक ए कॉल विद बीएलओ का फीचर भी उपलब्ध है। इसके माध्यम से मतदाता बीएलओ से सीधा संपर्क करते हुए विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की वेबसाइट से संबंधित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, एईआरओ, ईआरओ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम एवं मोबाइल नंबर प्राप्त कर संपर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा। बीएलए नियुक्ति की स्थिति एवं बीएलए-2 की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। उनसे अधिकाधिक सहभागिता निभाने का अनुरोध किया जाएगा, जिससे निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनी रहे।

एसआईआर गतिविधियों पर चर्चा की

बाड़मेर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर टीना डाबी ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियो को एसआईआर गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए है।

जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि बाड़मेर जिले के समस्त ईआरओ को बीएलओ की ओर से संपादित किए जा रहे कार्य की प्रभावी मोनेटरिंग करने के साथ निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देशों की अक्षरश: पालना की जाए। निर्वाचन गतिविधियों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए भ्रामक सामग्री प्रसारित होने पर फैक्ट चेक करवाने और त्वरित संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक करने, बीएलओ एवं बीएलए के प्रशिक्षण, परिगणना प्रपत्र छपाई, वितरण एवं संग्रहण, मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवाने, बीएलओ गतिविधियों सहित एसआईआर से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए है।

वार्षिक पैरा खेल महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

बाड़मेर, (नि.सं.)। मुख्यमंत्